स्थापना वर्ष-1966 कॉलेज कोड-0006

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज

एस. एन. मार्ग, फिरोजाबाद-283203 (उ.प्र.)

# Mhatma Gandhi Balika Vidyalaya (P.G.) College

*S. N. Marg, Firozabad-283203 (U.P.)*

**NAAC Accredited : B+ Grade**

**Affiliated By :**
**Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra**
**(Formerly : Agra University)**

**Website : mgbvpgcollege.com**
**Email Id : mgbvpgcfzd@yahoo.com**

**University Website : dbrau.ac.in**
**Email Id : vc@dbrau.ac.in, registrar@dbrau.ac.in**

# Prospectus

## 2026-2027

मूल्य 400/− रुपया
संख्या :

# प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री धर्मेन्द्र नाथ शर्मा | - | अध्यक्ष |
| 2. | श्री प्रदीप कुमार गुप्ता | - | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री अनुपम कुमार गुप्ता | - | कोषध्यक्ष |
| 4. | श्री सतीश चन्द्र गुप्ता | - | सचिव |
| 5. | श्रीमती मंजनी गुप्ता | - | उप-सचिव |
| 6. | श्री ललतेश जैन | - | अंकेक्षक |
| 7. | श्रीमती (डॉ.) निर्मला यादव | - | सदस्य |
| 8. | श्री सुधीर कुमार गुप्ता | - | सदस्य |
| 9. | श्री डॉ0 नीरज कुमार गुप्ता | - | सदस्य |
| 10. | श्री मोहन किशोर गुप्ता | - | सदस्य |
| 11. | श्री सुरेश चन्द्र बंसल | - | सदस्य |
| 12. | श्रीमती मृदुला जैन | - | सदस्य |
| 13. | श्री मोहनलाल अग्रवाल | - | सदस्य |
| 14. | श्री मनीष असीजा | - | सदस्य |
| 15. | श्री देवीचरन अग्रवाल | - | सदस्य |
| 16. | श्री राजकुमार मित्तल | - | सदस्य |
| 17. | श्रीमती रजनी जैन | - | सदस्य |
| 18. | प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय | - | पदेन सदस्य |

# महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

www.mgbvpgcollege.com & Email: mgbvpgcfzd@yahoo.com

www.dbrau.ac.in & vc@dbrau.ac.in , registrar@dbrau.ac.in

## परिचय-(Introduction)

महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, महात्मा गॉधी सेवा–संघ, फिरोजाबाद की प्रेरणा एवं शहर के गणमान्य नागरिकों के तन–मन–धन के सक्रिय सहयोग से पं. बालबिहारी लाल शर्मा के नेतृत्व में किए गए प्रयासों का साकार स्वरुप है।

वर्ष 1952 में महात्मा गॉधी बालिका माध्यमिक विद्यालय के रुप में तिलक भवन से उदित हो वर्ष 1966 में आगरा विश्वविद्यालय से कला–संकाय में स्नातक पाठ्यक्रम की सम्बद्वता प्राप्त कर महाविद्यालय के रुप में एस0 एन0 रोड पर पल्लवित हुआ। महाविद्यालय ने श्री बालकृष्ण गुप्त के अध्यक्षीय कार्यकाल में सचिव पं. बालबिहारी लाल द्वारा प्रबन्ध समिति के सक्रिय सहयोग से वर्ष 1971 में स्नातक विज्ञान–संकाय की सम्बद्वता प्राप्त की। वर्ष 1983 में स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत एवं संगीत गायन की सम्बद्वता प्राप्त कर नगर की बालिकाओं के सर्वागींण विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

वर्ष 2001 में पं0 बालबिहारी लाल के अध्यक्षीय कार्यकाल में महाविद्यालय के युवा सचिव श्री सुनील अग्रवाल ने स्ववित्त पोषित अनुभाग की स्थापना कर डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्याल, आगरा (पूर्ववर्ती–आगरा विश्वविद्यालय, आगरा) से बी0एससी0 (गृहविज्ञान) की सम्बद्वता प्राप्त की। पुनः वर्ष 2003 में बी0कॉम0 और एम.एससी. (जन्तु विज्ञान) में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत सम्बद्वता प्राप्त कर जनपद की बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा का वृहद क्षेत्र विकसित किया। वर्ष 2006 में प्रबन्ध समिति एवं तत्कालीन सचिव श्री डी0 एन0 शर्मा के सद् प्रयासों से स्ववित्त पोषित अनुभाग का सर्वागीण विकास हुआ। एम0 ए0 (समाजशास्त्र) की सम्बद्वता स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत सन् 2007–2008 से प्राप्त करने के बाद एम0एससी (रसायन विज्ञान) की सम्वद्वता सत्र 2009–2010 से प्राप्त की। स्नातक स्तर पर बी0ए0 में एक विषय के रुप में शिक्षाशास्त्र की सम्वद्वता सत्र 2010–2011 से प्राप्त की।

परास्तानक स्तर पर एम0 ए0 (हिंदी) व एम0 कॉम0 (A+B+C) ग्रुप एवं स्नातक स्तर पर बी0एससी0 (गणित, भौतिक विज्ञान व कम्प्यूटर साइंस) की सम्बद्वता स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत सन् 2024–2025 में प्राप्त की।

वर्ष 2016 में प्रबन्ध समिति के युवा सचिव श्री अनिल उपाध्याय एवं महाविद्यालय प्राचार्या के नेतृत्व में महाविद्यालय का नैक मूल्याकंन कराया गया। जिसमें महाविद्यालय को B+ Grade प्राप्त हुआ।

## परिकल्पना -(Vision)

महाविद्यालय की परिकल्पना नगर में ऐसा सोहार्दपूर्ण वातावरण विकसित करना है, जिसमें बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित कर उनके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आत्म–निर्भर बनाया जा सके।

## लक्ष्य -(Mission)

महाविद्यालय का लक्ष्य छात्राओं के मन में यह चेतना जागृत करना है कि स्वंय के साथ–साथ समाज एवं राष्ट्र के सर्वागींण विकास में भी उनकी समान रुप से बराबर की भागीदारी है।

## उद्देश्य -(Objective)

जाति, वर्ग एवं धर्म–भेद–भाव के बिना स्वस्थ शिक्षा प्रदान कर बालिकाओं का सर्वागींण विकास करना महाविद्यालय का उद्देश्य है। महाविद्यालय को बालिकाओं की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नगर की आकांक्षाओं को पूर्ण करने का श्रेय और गौरव प्राप्त है।

## भवन -(Building)

महाविद्यालय का अपना निजी भवन शहर के सुरक्षित वातावरण के मध्य एस0 एन0 रोड पर स्थित है। हवादार विशाल शिक्षण कक्ष, स्वर्गीय सेठ कुन्दनलाल–उमरावलाल की स्मृति में निर्मित भव्य हॉल एवं मनमोहक उद्यान से महाविद्यालय–परिसर सुशोभित है। संकाय/ विभागानुसार पृथक–पृथक कक्ष आवटिंत है। विज्ञान संकाय में छात्राओं की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रबन्ध समिति के अथक प्रयासों से तीन मंजिला भवन निर्मित है। बी0एससी (गृहविज्ञान) के विभिन्न कक्षों एवं प्रयोगशालाओं का नवीनीकरण कर आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। बी0ए0 (गृहविज्ञान) व (मनोविज्ञान) हेतु उपकरणों से सुसज्जित लैब विद्यमान है।

## पुस्तकालय - (Library)

महाविद्यालय में विशाल पुस्तकालय है। जिसमें पुस्तकों के रख–रखाव तथा छात्राओं के बैठकर अध्ययन करने की समुचित व्यवस्था है। पुस्तकालय में प्रतिवर्ष पाठ्यक्रमानुसार नवीन पुस्तकें क्रय की जाती हैं, जिससे पुस्तकों की संख्या में वृद्धि होती रहती है। नवीन अलमारियां आदि क्रय कर पुस्तकालय को आधुनिक रुप से सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित करने का विशेष प्रयास किया गया है। छात्राओं की बढ़ती सख्या को देखते हुए तथा सुविधाओं में विस्तार हेतु तीन मंजिला विशाल पुस्तकालय भवन निर्मित है।

वाचनालय में अनेक समाचार पत्र पत्रिकाओं, मासिक पत्रिकाओं, प्रतियोगी पत्रिकाओं तथा अन्य विभागीय पत्रिकाओं की व्यवस्था है।

पुस्तकालय में कम्प्यूटर तथा इण्टरनेट की व्यवस्था है। छात्राओं हेतु शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था हेतु आर.ओ. मशीन की व्यवस्था की गई है।

## बुक बैंक योजना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से संचालित बुक बैंक योजना से निर्धन एवं योग्य छात्रायें पूरे सत्र के लिए पुस्तकीय सहायता प्राप्त कर सकती है। बुक बैंक से पुस्तकें लेने वाली छात्राओं को पुस्तकों के मूल्य का 01 प्रतिशत शुल्क जमा करना होगा।

## **राष्ट्रीय सेवा योजना** - (N.S.S.)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) के अन्तर्गत प्रशिक्षण की सुविधा फरवरी–1974 से उपलब्ध है। युवा विद्यार्थियों में समाजिक चेतना और राष्ट्र के प्रति दायित्व–बोध जागृत करने के उद्देश्य से संचालित इस योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय–प्रांगण में स्वच्छता, ग्रामीण अंचलों में शिविरों का आयोजन, वृक्षारोपण, रोग–उन्मूलन, साक्षरता, स्वास्थ्य–शिक्षा, प्रौढ़–शिक्षा, बाल–शिक्षा, स्त्री एवं बाल कल्याण जागरुकता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जिससे छात्राओं में समाज सेवा की भावना का प्रादुर्भाव होता है। वर्तमान में महाविद्यालय में इसकी 02 इकाईयां कार्यरत हैं।

## **खेलकूद एवं रेन्जर्स**

महाविद्यालय द्वारा योग्य क्रीड़ाधिकारी व प्रशिक्षक की देख–रेख में विविध खेल–प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाती है। छात्राओं को अन्तर्महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। महाविद्यालय में छात्राओं हेतु जिम (Gym) की व्यवस्था है। विश्वविद्यालय नियमों के अन्तर्गत रेन्जर्स प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाती हैं। रेन्जर्स के लिए अपने ''घोष'' की भी व्यवस्था है। ''लक्ष्मीबाई रेन्जर्स दल'' में छात्राओं का पंजीकरण किया जाता है।

## **सांस्कृतिक गतिविधियां**

महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पूर्ण उत्साह के साथ किया जाता है। निबन्ध लेखन, वाद–विवाद, भाषण, कविता, श्लोक–गायन, नृत्य, नाटिका, मेहन्दी, रंगोली, कलश–सज्जा, विज्ञान–प्रदर्शिनी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर योग्य एवं मेधावी छात्राओं को प्रतिभा–प्रदर्शन का पूर्ण अवसर और प्रोत्साहन प्रदान कर पुरुस्कृत किया जाता है।

## **छात्रवृत्ति एवं आर्थिक सहायता**

सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग की छात्रवृत्ति शासन के नियमानुसार देय होगी। छात्रवृत्ति के अतिरिक्त मेधावी छात्राओं को महाविद्यालय अन्य सुविधा भी प्रदान करता है। शासन द्वारा प्रदत्त शुल्कप्रतिपूर्ति नियमानुसार होगी, किन्तु छात्राओं को प्रवेश लेते समय ही छात्रवृत्ति व शुल्कप्रतिपूर्ति का फार्म नियमानुसार शासन की समय–सारिणी के अनुसार त्रुटिरहित ऑनलाइन भरकर जमा करना होगा। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण फार्म जमा करने पर फार्म निरस्त कर दिया जायेगा। छात्रवृत्ति व शुल्कप्रतिपूर्ति शासन द्वारा उपलब्ध बजट/मेरिट लिस्ट के अनुसार देय होगी। छात्रवृत्ति हेतु 75 प्रतिषत उपस्थिति अनिवार्य है। तत्कालीन शासनादेशों के अन्तर्गत छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति फार्म निरस्त किये जा सकते है।

## **शोध सुविधा**

महाविद्यालय में संगीत और हिन्दी, समाजशास्त्र व उर्दू विषय में शोध कार्य (पी–एच.डी.) करने की सुविधा उपलब्ध है। शोधार्थियों के पठन–पाठन इत्यादि की पृथक से व्यवस्था है। तथापि उक्त सुविधा शोध के नवीन नियमों के अन्तर्गत ही प्रदान की जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा तथा शोध छात्र/छात्रा आवटिंत किये जायेगें।

## महाविद्यालय के नियम एवं परिनियम

1. प्राचार्या/मुख्य अनुशासन अधिकारी द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों का पालन करना प्रत्येक छात्रा के लिए अनिवार्य है।

2. प्रत्येक छात्रा को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित परिधान में नियमित आना अनिवार्य है।

3. महाविद्यालय परिसर में प्रवेश करते समय परिचय–पत्र साथ लाना अनिवार्य है। मुख्य अनुशासन अधिकारी (प्रोक्टर) के मॉगने पर छात्रा को अपना परिचय पत्र दिखाना होगा।

4. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल फोन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित है।

5. किसी भी छात्रा के रैगिंग में लिप्त पाए जाने अथवा अभद्रव्यवहार करने पर सुसंगत नियमों के अधीन वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। दोषी छात्रा को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।

6. महाविद्यालय परिसर में अकारण चहल–कदमी प्रतिबन्धित है। छात्राऐं समूह में न रहें एवं परिसर में जाति सम्बन्धी विश्लेषण आदि पर चर्चा प्रतिबन्धित होगी।

7. माता–पिता तथा अभिभावक जिनकी फोटो पहचान पत्र पर चस्पा है, केवल उन्हीं को महाविद्यालय में छात्रा के सम्बन्ध में बात करने अथवा उससे मिलने की अनुमति होगी।

8. महाविद्यालय परिसर की सम्पत्ति एवं पर्यावरण को क्षति पहुॅचाना दण्डनीय अपराध है।

9. सूचना पट/वेबसाइट पर समय–समय पर प्रदर्शित सूचनाओं का संज्ञान लेना छात्राओं का कर्तव्य है अन्यथा समस्त उत्तरदायित्व स्वयं छात्रा का होगा।

10. छात्राओं के लिए कक्षाओं/ऑनलाइन कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। 15 दिवस में बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के अनुपस्थित रहने पर नाम काटा जा सकता है।

11. उपर्युक्त नियमों/परिनियमों में आवश्यकतानुसार महाविद्यालय की प्रचलित पॉलिसियों के अन्तर्गत परिवर्तन/परिवर्द्वन संशोधन अनुमन्य होगा।

## (शासकीय सहायता प्राप्त) स्थाई सम्वद्वता सम्बन्धी विवरण (क)

| क्र.सं | विषय का नाम | स्नातक स्तर पर स्थाई सम्वद्वता |
|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | कुलाधिपति के पत्र सं0 7327/दिनांकः07.08.1966 से सम्बद्वता (कला संकाय) |
| 2. | अंग्रेजी | तदैव |
| 3. | मनोविज्ञान | तदैव |
| 4. | अर्थशास्त्र | तदैव |
| 5. | राजनीति शास्त्र | तदैव |
| 6. | समाजशास्त्र | तदैव |
| 7. | संगीत (गायन) | तदैव |
| 8. | गृह विज्ञान | जुलाई – 1973 से सम्बद्वता |
| 9. | चित्रकला | तदैव |
| 10. | उर्दू | जुलाई – 1979 से सम्बद्वता |
| 11. | संस्कृत | जुलाई – 1980 से सम्बद्वता |
| 12. | जन्तु विज्ञान | एफिल/104 दि0 12.07.74 राजाज्ञा के पत्र संख्या 2984 (1) जी0एस0 दिनांक 20.06.74 से विज्ञान संकाय (Bio Group) में सम्वद्वता |
| 13. | वनस्पति विज्ञान | तदैव |
| 14. | रसायन विज्ञान | तदैव |

## (शासकीय सहायता प्राप्त) स्थाई सम्वद्वता सम्बन्धी विवरण (ख)

| क्र.सं | विषय का नाम | स्नातकोत्तर स्तर पर स्थाई सम्बद्वता |
|---|---|---|
| 1. | एम. ए. (संस्कृत) | एफिल/1824 दि. 27.10.83 (राजाज्ञा के पत्र संख्या 5783/जी. एस. दिनांक 13.10.83 से एम.ए. (संस्कृत) की सम्वद्वता |
| 2 | एम. ए. | एफिल/1824 दि. 27.10.83 (राजाज्ञा के पत्र संख्या 5783/जी. एस. दिनांक (संगीत–गायन) 13.10.83) से एम.ए. (संगीत–गायन) की सम्वद्वता |

## स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत सम्वद्वता सम्बन्धी विवरण स्नातक–स्नातकोत्तर

क्र.सं विषय का नाम / स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर स्थाई सम्वद्वता

1. बी.एस–सी. (गृहविज्ञान संकाय)(स्ववित्त पोषित) पत्रांक ई/559/65/02/07/01 से सम्बद्वता प्राप्त

2. बी. कॉम (वाणिज्य संकाय) (स्ववित्त पोषित) पत्रांक ई/2655/जी.एस. दि0 20.09.03 के द्वारा दिनांक 01.07.2003 से सम्बद्वता प्राप्त

3. बी.ए. (शिक्षाशास्त्र) एक विषय (स्ववित्त पोषित) सम्वद्वन–471 सत्तर–2–2009–2(577)/2009 के द्वारा दिनांक 01.07.2010 से सम्बद्वता प्राप्त

4. एम. ए. (समाजशास्त्र)(स्ववित्त पोषित) संख्या – 5166 सत्तर–2–2007–2(135) 2004 दिनांक 17.03.2008 के द्वारा दिनांक 01.07.2007 से सम्बद्वता प्राप्त

5. एम.एससी. (जन्तु विज्ञान) (स्ववित्त पोषित) पत्रांक ई/2655/जी.एस. दि0 20.09.03 के द्वारा दिनांक 01.07.2003 से सम्बद्वता प्राप्त

6. एम.एससी. (रसायन विज्ञान) (स्ववित्त पोषित) पत्रांक सं0–3239/सत्तर–2–2009–2(135)/ 2004 (रसायन विज्ञान) दिनाक 17.11.2009 के द्वारा दिनांक 01.07.2009 से सम्बद्वता प्राप्त

7. बी0एससी0 (गणित, भौतिक विज्ञान व कम्प्यूटर साइंस) (स्ववित्त पोषित) सन् 2024–25 में सम्वद्वता हेतु अस्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी है।
8. एम. ए. (हिंदी) (स्ववित्त पोषित) सन् 2024–25 में सम्वद्वता हेतु अस्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी है।
9. एम.कॉम (A+B+C) ग्रुप (स्ववित्त पोषित) सन् 2024–25 में सम्वद्वता हेतु अस्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी है।

## अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम

डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से शासकीय सहायता प्राप्त स्थाई सम्वद्वता प्राप्त विषय–

**(क) कला संकाय -**

| | |
|---|---|
| (1) स्नातकोत्तर (एम.ए.) – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम– | संस्कृत, संगीत–गायन |
| (2) स्नातक (बी.ए.) – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम – | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, संगीत गायन चित्रकला, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, शिक्षा शास्त्र एक विषय–स्ववित्त पोषित |

**(ख) विज्ञान संकाय -**

| | |
|---|---|
| (1) स्नातक (बी.एससी.) – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम – | वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान |

## स्ववित्त - पोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रम

**(क) विज्ञान संकाय -**

1– स्नातकोत्तर – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

एम.एससी. – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

2– स्नातक – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

बी.एससी. (गृहविज्ञान)

3– स्नातक – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

बी.एससी. (गणित, भौतिक विज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस)

**(ख) कला संकाय -**

1– स्नातकोत्तर – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

एम. ए. (समाजशास्त्र)
एम. ए. (हिंदी साहित्य)

**(ग) वाणिज्य संकाय -**

1– स्नातक – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

बी.कॉम.

2– स्नातकोत्तर – सेमिस्टर प्रणाली पाठ्यक्रम

एम. कॉम (ए. बी. एवं सी. ग्रुप) में।

## विषय - चयन हेतु नियम

कला संकाय – स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमिस्टर के लिए

1. **मेजर विषय का चयन –** छात्रा को निम्न तीन संकाय क,ख,ग में से किन्ही दो संकाय से 02 मुख्य विषयों का चयन होगा।

(क) भाषा संकाय

1. हिन्दी 2. संस्कृत 3. अंग्रेजी 4. उर्दू

(ख) कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय –

1. अर्थशास्त्र 2. शिक्षाशास्त्र 3. समाजशास्त्र 4. गृहविज्ञान
5. मनोविज्ञान 6. राजनीति विज्ञान 7. शारीरिक शिक्षा,

(ग) ललित कला एवं प्रदर्षन कला संकाय–

1. चित्रकला 2. संगीत गायन

2. **माइनर/इलेक्टिव पेपर का चयन –** छात्राओं को एक माइनर इलैक्टिव पेपर का चुनाव करना होगा। इस पेपर का चुनाव छात्रा को अलग से अर्थात् मेजर विषय के अतिरिक्त महाविद्यालय में संचालित किसी दूसरे संकाय से करना होगा।

माइनर विषय/प्रष्नपत्र हेतु निम्न ग्रुप में से एक प्रश्न पत्र चुनना होगा

(**A**) भाषा संकाय

1. हिन्दी 2. संस्कृत 3. अंग्रेजी, 4. उर्दू

(**B**) कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय –

1. अर्थशास्त्र 2. समाजशास्त्र 3. मनोविज्ञान 4. राजनीति विज्ञान 5. शारीरिक शिक्षा, 6. गृहविज्ञान

(**C**) ललित कला एवं प्रदर्षन कला संकाय–

1. चित्रकला 2. संगीत गायन

(**D**) वाणिज्य संकाय

1. Business Organization 2. Business Communication (प्रथम सेमेस्टर हेतु)

1. Business Management 2. Business Economics (द्वितीय सेमेस्टर हेतु)

जिस सेमेस्टर का माइनर प्रश्नपत्र /विषय चुनेंगे, उसी सेमेस्टर में निर्धारित पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा।

3. रोजगारपरक/कौशल विकास के पाठ्यक्रम के लिए चयन **(Vocational Subject)** –

इसके अर्न्तगत छात्राओं को प्रथम चार सेमेस्टर के प्रत्येक सेमेस्टर में तीन क्रेडिट का कौशल विकास या रोजगारपरक एक पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित निम्न पाठ्यक्रमों में से चुनना होगा।

1. Domestic Data Entry Operator

2. Yoga Instructor

3. Self Made Tailor

4. अनिवार्य सह–पाठ्यक्रम **(Co-Curricular)**

स्नातक स्तर पर अनिवार्य सह पाठ्यक्रमों का अध्ययन छात्राओं को निम्न क्रमानुसार करना होगा–

1. प्रथम सेमेस्टर ($I^{st}$ Sem) – भोजन, पोषण और स्वच्छता

2. द्वितीय सेमेस्टर ($II^{nd}$ Sem) – प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य

3. तृतीय सेमेस्टर ($III^{rd}$ Sem) – शारीरिक शिक्षा एवं योग

4. चतुर्थ सेमेस्टर ($IV^{th}$ Sem) – मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन

5. पंचम् सेमेस्टर ($V^{th}$ Sem) – विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस

6. षष्ठ सेमेस्टर ($VI^{th}$ Sem) – संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास

विषय चयन करते समय प्रतिबन्ध होगा कि–

1. छात्राएं विषयों का चयन सावधानीपूर्वक करें। प्रवेश समिति द्वारा स्वीकृत विषय परिवर्तित नही किए जायेगें।

2. प्रत्येक विषय/सेक्शन में 60 की संख्या पूर्ण होने तक ही प्रवेश दिये जायेंगे।

3. माइनर पेपर का आंवटन महाविद्यालय में उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जायेगा।

4. स्नातक तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में छात्राएं पूर्व मे चयनित मुख्य विषय ही ले सकती है।

5. स्नातक पंचम एवं षष्ठ सेमिस्टर में छात्राएं बी0ए0 तृतीय एवं चतुर्थ सेमिस्टर मे चयनित विषयों में से 02 मेजर विषयों, अनिवार्य सह पाठ्यक्रम (**Co-Curricular**) का अध्ययन करेंगी।

<u>विज्ञान संकाय – स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के लिए</u>

1. मुख्य/मेजर विषय

1. रसायन विज्ञान    2. वनस्पति विज्ञान    3. जन्तु विज्ञान

2. माइनर/इलेक्टिव पेपर का चयन – छात्राओं को एक माइनर इलैक्टिव पेपर का चुनाव करना होगा। इस पेपर का चुनाव छात्रा को अलग से अर्थात् मेजर विषय के अतिरिक्त महाविद्यालय में संचालित किसी दूसरे संकाय से करना होगा।

माइनर विषय/प्रश्नपत्र हेतु निम्न ग्रुप में से एक प्रश्न पत्र चुनना होगा

(**A**) भाषा संकाय

1. हिन्दी 2. संस्कृत 3. अंग्रेजी, 4. उर्दू

(**B**) कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय –

1. अर्थशास्त्र 2. समाजशास्त्र 3. मनोविज्ञान 4. राजनीति विज्ञान 5. शारीरिक शिक्षा, गृहविज्ञान

(**C**) ललित कला एवं प्रदर्षन कला संकाय–

1. चित्रकला 2. संगीत गायन

(**D**) वाणिज्य संकाय

1. Business Organization 2. Business Communication (प्रथम सेमेस्टर हेतु)

1. Business Management 2. Business Economics (द्वितीय सेमेस्टर हेतु)

जिस सेमेस्टर का माइनर प्रश्नपत्र /विषय चुनेंगे, उसी सेमेस्टर में निर्धारित पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा।

3. रोजगारपरक/कौशल विकास के पाठ्यक्रम के लिए चयन (**Vocational Subject**) –

इसके अन्तर्गत छात्राओं को प्रथम चार सेमेस्टर के प्रत्येक सेमेस्टर में तीन क्रेडिट का कौशल विकास या रोजगारपरक एक पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित निम्न पाठ्यक्रमों में से चुनना होगा।

1. Domestic Data Entry Operator
2. Yoga Instructor
3. Self Made Tailor

4. अनिवार्य सह–पाठ्यक्रम (**Co-Curricular**)

स्नातक स्तर पर अनिवार्य सह पाठ्यक्रमों का अध्ययन छात्राओं को निम्न क्रमानुसार करना होगा–

1. प्रथम सेमेस्टर ($I^{st}$ Sem) – भोजन, पोषण और स्वच्छता
2. द्वितीय सेमेस्टर ($II^{nd}$ Sem) – प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य

3. तृतीय सेमेस्टर (III$^{rd}$ Sem) – शारीरिक शिक्षा एवं योग

4. चतुर्थ सेमेस्टर (IV$^{th}$ Sem) – मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन

5. पंचम् सेमेस्टर (V$^{th}$ Sem) – विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस

6. षष्ठ सेमेस्टर (VI$^{th}$ Sem) – संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास

5.स्नातक **IIIrd** एवं **IVth** सेमिस्टर में छात्राएं पूर्व में चयनित मेजर विषय लेंगी।

6.स्नातक **Vth** एव **VIth** सेमेस्टर छात्राएं स्नातक **IIIrd** एवं **IVth** सेमिस्टर के विषयों में से दो मेजर विषयों एवं अनिवार्य सह पाठ्यक्रम **(Co-Curricular)** का अध्ययन करेंगी।

वाणिज्य संकाय – स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के लिए

1. मेजर/मुख्य विषय निम्नवत रहेंगे

(क.) प्रथम सेमेस्टर हेतु –

1. Business Organization
2. Business Statistics
3. Business Communication

(ख.) द्वितीय सेमेस्टर हेतु

1. Business Management
2. Financial Accounting
3. Business Economics

माइनर/इलेक्टिव पेपर – छात्राओं को एक इलेक्टिव पेपर का चुनाव महावविद्यालय में संचलित निम्न संकायों/ग्रुप में से करना होगा।

(**A**) भाषा संकाय–' 1. संस्कृत 2. हिन्दी 3. अंग्रेजी,

(**B**) कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय – 1. राजनीति विज्ञान 2. अर्थशास्त्र 3. समाजशास्त्र 4. शारीरिक शिक्षा, 5. मनोविज्ञान

(**C**) ललित कला एवं प्रदर्षन कला संकाय– 1. संगीत गायन 2. चित्रकला

3. रोजगारपरक/कौषल विकास के पाठ्यक्रम के लिए चयन **(Vocational Subject)** –

इसके अर्न्तगत छात्राओं को प्रथम चार सेमेस्टर के प्रत्येक सेमेस्टर में तीन क्रेडिट का कौषल विकास या रोजगारपरक एक पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित निम्न पाठ्यक्रमों में से चुनना होगा।

1. Domestic Data Entry Operator
2. Yoga Instructor
3. Self Made Tailor

4. अनिवार्य सह–पाठ्यक्रम **(Co-Curricular)**

स्नातक स्तर पर अनिवार्य सह पाठ्यक्रमों का अध्ययन छात्राओं को निम्न क्रमानुसार करना होगा–

1. प्रथम सेमेस्टर (Ist Sem) – भोजन, पोषण और स्वच्छता
2. द्वितीय सेमेस्टर (IInd Sem) – प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य
3. तृतीय सेमेस्टर (IIIrd Sem) – शारीरिक शिक्षा एवं योग
4. चतुर्थ सेमेस्टर (IVth Sem) – मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन
5. पंचम् सेमेस्टर (Vth Sem) – विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस
6. षष्ठ सेमेस्टर (VIth Sem) – संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास

5. स्नातक **IIIrd** एवं **IVth** सेमिस्टर में छात्राएं पूर्व में चयनित मेजर विषय लेंगी।

6.स्नातक **Vth** एव **VIth** सेमेस्टर छात्राएं स्नातक **IIIrd** एवं **IVth** सेमिस्टर के विषयों में से दो मेजर विषयों एवं अनिवार्य सह पाठ्यक्रम **(Co-Curricular)** का अध्ययन करेंगी।

नोटः महाविद्यालय द्वारा प्रदर्शित पाठ्यक्रम एवं प्रवेश सम्बन्धित नियम एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम व प्रवेश नियमों में विरोधाभास होने पर डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा मान्य पाठ्यक्रम एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रभावी होगा।

## आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश -

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवष्यक है, अन्यथा कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा–

### स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमिस्टर में आवेदन हेतु -

1. हाईस्कूल अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

2. इण्टरमीडिएट अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

3. स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी.सी.) की सत्यापित छायाप्रति।

4. आय प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। (छात्रवृत्ति एवं आरक्षित श्रेणी हेतु)

5. जाति–प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति। (यदि आरक्षण चाहते हों, तो)

6. ई.डब्ल्यू.एस. से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (यदि आरक्षण चाहते हों, तो)

7. विकलांग/भूतपूर्व सैनिक अथवा शिक्षक आश्रित के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

8. संस्था (जिसमें अन्तिम शिक्षा पाई हो) के प्राचार्य/प्राचार्या से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

9. उ.प्र. से बाहर से आने वाली छात्राएँ प्रवजन–प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।

10. आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति।

11. प्रवेश फार्म के साथ सलग्न घोषणा पत्र मूल रुप में।

12. समर्थ वेब रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। समर्थ वेब रजिस्ट्रेशन कराने के बाद छात्रा महाविद्यालय में रिपोर्ट करेगी।

<u>नोटः</u>–

क. स्नातक तृतीय, पंचम सेमिस्टर और परास्नातक (एम.ए. एम.एससी.) तृतीय सेमिस्टर की छात्राएं केवल अर्ह परीक्षा (पूर्व वर्षों) के उत्तीर्ण अंकतालिका की सत्यापित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। प्रवेश के साक्षात्कार के समय मूल अंकतालिका लाना अनिवार्य है। एम.एस. सी प्रथम सेमिस्टर में महाविद्यालय द्वारा मैरिट से सीधे प्रवेश दिया जायेगा। पर्याप्त मात्रा में आवेदन मिलने पर ही एम.एस.सी (रसायन विज्ञान) में प्रवेश स्वीकृत होगा। प्रवेश हेतु साक्षात्कार के समय सभी मूल शैक्षिक अभिलेख–अंकतालिकाओं, स्थानान्तरण, आय, जाति और चरित्र प्रमाण पत्र आदि साथ लाना अनिवार्य है।

ख. छात्रा को आवेदन फार्म पर प्रथम वर्ष की प्रवेश संख्या और विश्वविद्यालय से प्राप्त नामांकन संख्या लिखना अनिवार्य है।

## - महाविद्यालय की छात्राओं का परिधान -

1. सफेद कुर्ता–सलवार
2. विवाहित छात्राएं सादा महरुन साड़ी–ब्लाउज (सभी संकायो हेतु)
3. शीतकालीन – मेहरुन स्वेटर अथवा शॉल (डिजायन रहित) सादा

## - संकायवार दुपट्टे का वर्गीकरण-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **स्नातक** - | **कला संकाय** (B.A.) | - | मेहरुन |
| | **विज्ञान संकाय** (B.Sc.) | - | गहरा हरा (काई) |
| | **वाणिज्य संकाय** (B.Com.) | - | हल्का बैंगनी |
| | **गृहविज्ञान संकाय** (B.HSc.) | - | हल्का नीला (आसमानी) |
| **परास्नातक** - | **कला संकाय** (M.A.)<br>(संगीत, संस्कृत, समाजशास्त्र, हिंदी) | - | हल्का सिलेटी (ग्रे) |
| | **विज्ञान संकाय** (M.Sc.)<br>(जन्तु विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | - | गहरा नीला (नेवी ब्लू) |
| | **वाणिज्य संकाय** (M.Com.)<br>( A+B+C Group ) | - | नारंगी |

## - शुल्क सम्बन्धी नियम -

1. स्नातक प्रथम एवं द्वितीय तथा तृतीय एवं चतुर्थ सेमिस्टर का सम्पूर्ण शुल्क एक बार प्रवेश के समय ही लिया जायेगा।
2. स्नातक पंचम एवं षष्ठ सेमिस्टर का सम्पूर्ण शुल्क एक बार प्रवेश के समय ही लिया जायेगा जिसमें 200 रुपये उपाधि शुल्क भी शामिल है।
3. शासन द्वारा सत्र के मध्य में बढ़ाया शुल्क भी देय होगा।
4. विश्वविद्यालय परीक्षा तथा नामांकन फार्म तभी अग्रसारित किए जायेगें, जबकि छात्रा उस सत्र का सम्पूर्ण शुल्क जमा कर देगी।
5. विश्वविद्यालय परीक्षा का प्रवेश पत्र सम्पूर्ण देय धनराशि का भुगतान एवं महाविद्यालय की समस्त सामग्री जो छात्रा के नाम अंकित हो, वापस किए जाने के पश्चात् ही दिया जा सकेगा।
6. महाविद्यालय के खाते में प्रवेश अंकित हो जाने के बाद आवेदन के साथ जमा शुल्क किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।
7. स्नातक सेमिस्टर प्रणाली में प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रति सेमिस्टर परीक्षा शुल्क देय होगा।
8. स्नातक सेमिस्टर में वोकेशनल पाठ्यक्रम का शुल्क 250/– प्रति सेमिस्टर देय होगा।

# शुल्क - तालिका (2026-2027)

प्रवेश के समय पूरे वर्ष का शुल्क एवं अन्य वार्षिक शुल्क निम्नवत् है–

| शुल्क का नाम | बी.ए प्रयोगात्मक रहित शुल्क | बी.ए.प्रयोगात्मक सहित शुल्क | बी.एससी. | एम.ए. संगीत (गायन) | एम.ए. संस्कृत |
|---|---|---|---|---|---|
| शिक्षण शुल्क | – | – | – | – | – |
| पंजीकरण शुल्क | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 |
| प्रवेश शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| पंखा शुल्क | 62 | 62 | 62 | 62 | 62 |
| शीतोष्ण शुल्क | 124 | 124 | 124 | 124 | 124 |
| मंहगाई शुल्क | 42 | 42 | 42 | 42 | 42 |
| पुस्तकालय शुल्क | 30 | 30 | 30 | 38 | 38 |
| विकास शुल्क | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| पत्रिका शुल्क | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| निर्धन छात्रा–कोष शुल्क | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क | 800रु. प्रति सेमि0 | 800रु. प्रति सेमि0 | 800रु. प्रति सेमि0 | 2200 | 2000 |
| परिचय पत्र शुल्क | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| भवन रख–रखाव शुल्क | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| क्रीड़ा शुल्क | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 |
| लैब आकस्मिक शुल्क | 25 | 25 | 35 | 25 | 25 |
| दीक्षान्त समारोह शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| छात्र–कल्याण शुल्क | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| पुस्तकालय आकस्मिक शुल्क | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| सांस्कृतिक शुल्क | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 |
| छात्र संघ शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| कॉशन मनी | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 |
| प्रयोगात्मक शुल्क | 240 प्रति प्रयोगात्मक विषय | | 720 | 240 | – |
| चिकित्सा शुल्क | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| मौखिक परीक्षा शुल्क | – | – | – | – | 200 |
| उपाधि (डिग्री) शुल्क | – | – | – | – | 300 |
| नामांकन शुल्क किसी भी कक्षा हेतु – 300 रु. देय होगा। स्नातक प्रथम सेमिस्टर में नामांकन शुल्क अनिवार्य है। रेन्जर्स शुल्क – 50/– रुपये प्रति छात्रा होगा। | | | | | |

**नोट-** शैक्षिक सत्र के मध्य में शासन अथवा विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क बढ़ाया जाता है तो छात्रा को बढ़ा हुआ शुल्क देय होगा।

## स्ववित्त पोषित कक्षाओं हेतु वार्षिक शुल्क - (2026-2027)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एससी. (गृहविज्ञान) | | |
| | I &IIसैमिस्टर (दोनो सैमिस्टर का शुल्क वर्ष मे एक बार) | – | 11,580-00 |
| | III & IV सैमिस्टर (दोनो सैमिस्टर का शुल्क वर्ष मे एक बार) | – | 11,280-00 |
| | V & VI सैमिस्टर (दोनो सैमिस्टर का शुल्क वर्ष मे एक बार) | – | 10,780-00 |
| 2. | बी.कॉम. | | |
| | I &II सैमिस्टर | – | 8,880-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 8,280-00 |
| | V & VI सैमिस्टर | – | 7,780-00 |
| 3. | बी.एससी. (गणित, भौतिक वि0 एवं कम्प्यूटर विज्ञान | | |
| | I &II सैमिस्टर | – | 8,880-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 8,280-00 |
| | V & VI सैमिस्टर | – | 7,780-00 |
| 4. | एम.एससी. (जन्तु विज्ञान) | | |
| | I & II सैमिस्टर | – | 16,930-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 16,630-00 |
| 5. | एम.एससी. (रसायन विज्ञान) | | |
| | I & II सैमिस्टर | – | 16,930-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 16,630-00 |
| 6. | एम.ए. (समाजशास्त्र) | | |
| | I & II सैमिस्टर | – | 9,430-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 9,130-00 |
| 7. | एम.ए. (हिंदी) | | |
| | I & II सैमिस्टर | – | 9,430-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 9,130-00 |
| 8. | एम.कॉम. (**A+B+C Group**) | | |
| | I & II सैमिस्टर | – | 9,430-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 9,130-00 |
| 9. | बी0ए0 शिक्षाशास्त्र–एक विषय | | |
| | I & II सैमिस्टर एवं III & IV सैमिस्टर | – | 740-00 |
| | III & IV सैमिस्टर | – | 740-00 |

1. स्नातक कक्षाओं को छोड़कर स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन कराने हेतु शुल्क 300/- पृथक से देय होगा।
2. स्नातक एवं स्नातकोत्तर में उपाधि (डिग्री) के लिए 300/-
3. प्रति छात्रा 250 रु. जैनरेटर शुल्क/विद्युत शुल्क
4. स्नातक सेमिस्टर में वोकेशनल पाठ्यक्रम का शुल्क 250/- प्रति सेमिस्टर
5. बी0कॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमिस्टर में 200/- प्रयोगात्मक शुल्क देय होगा।
6. रेन्जर्स शुल्क - 50/- रुपये प्रति छात्रा

**नोट-** शैक्षिक सत्र के मध्य में शासन अथवा विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क बढ़ाया जाता है तो छात्रा को बढ़ा हुआ शुल्क देय होगा।

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों में नामांकन शुल्क को छोड़कर उक्त समस्त शुल्क जुड़े हुए है।

स्ववित्त पोषित अनुभाग में माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा दिनांकः 02.10.2021 के अनुपालन में यदि किसी परिवार की एक से अधिक पुत्री (अर्थात दो सगी बहिनें) प्रवेश या अध्ययन करती है तो दूसरी पुत्री की ट्यूशन फीस माफ की जायेगी।

डॉ• भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

## प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 25.04.2026 का कार्यवृत्त

माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 25.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे वृहस्पति भवन, पालीवाल पार्क, आगरा में सत्र 2026–27 की प्रवेश प्रकिया को शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने हेतु केन्द्रीयकृत प्रवेश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहेः–

1. प्रो0 आशू रानी – कुलपति (अध्यक्ष)
2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, संकायाध्यक्ष, शैक्षिक – संयोजक
3. प्रो0 प्रवीन कुमार अग्रबाल, प्राचार्य, के0आर0 कालेज, मथुरा – सदस्य
4. प्रो0 वी0के0 सिंह, प्राचार्य, एन0डी0 कॉलेज, शिकोहाबाद – सदस्य
5. प्रो0 संजय जैन, सैन्ट जौंस कालेज, आगरा – सदस्य
6. प्रो0 संजय कुमार मिश्रा, आर0बी0एस0 कालेज, आगरा – सदस्य
7. प्रो0 विम्मी जैन, सैन्ट जौंस कालेज, आगरा – सदस्य

सर्वप्रथम उप कुलसचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं माननीय कुलपति महोदया की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| मद संख्याः–1 | प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 29.04.2025 की संपुष्टि पर विचार। (संलग्नक–1) |
| निर्णयः– | प्रवेश समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 29.04.2025 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई। |
| मद संख्या–2 | सत्र 2026–27 हेतु त्रिसदस्यीय समिति द्वारा तैयार किये गये शैक्षिक कैलेण्डर के अनुमोदन पर विचार। (संलग्नक–2) |
| निर्णयः– | त्रिसदस्यीय समिति द्वारा सत्र 2026–27 हेतु तैयार किये गये शैक्षिक कैलेण्डर के अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–3 | आवासीय इकाई में संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु विज्ञापन पर विचार। |
| निर्णयः– | उक्त मद पर विचार विमर्श करते हुये यह निर्णय लिया गया कि आवासीय इकाई में संचालित पाठ्यकमों में सत्र 2026–27 से प्रवेश हेतु विज्ञापन शीघ्रातिशीघ्र दिनांक 05.05.2026 तक प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। |

-----------------2



AnyScanner

| | |
|---|---|
| मद संख्या–4 | सेवानिवृत्ति के उपरान्त पी0जी0 डिग्री में प्रवेश दिये जाने पर विचार। (संलग्नक–3)<br>टिप्पणी:– इंजीनियर हरिशंकर शर्मा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् से अधीक्षण अभियन्ता के पद से सेवानिवृत्त हुये है जो एम0ए0 इतिहास में प्रवेश लेना चाहते है का प्रार्थना–पत्र। |
| निर्णय:– | उक्त मद पर चर्चा करते हुये विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं अन्त में यह निर्णय लिया गया कि उक्त प्रकरण में विभागाध्यक्ष से आख्या प्राप्त कर केन्द्रीय कृत प्रवेश समिति के सदस्यों में से ही एक उपसमिति का गठन कर निर्णय लिया जायेगा। उक्त पर सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। |
| मद संख्या–5 | Board of open Schooling & Skill Education (BOSSE) Sikkim से उत्तीर्ण छात्रों को डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रवेश दिये जाने अथवा नही दिये जाने पर विचार।<br>टिप्पणी:– "सिक्किम में मुक्त शिक्षा बोर्ड की स्थापना सिक्किम विधानसभा के अधिनियम संख्या 14,2020 के तहत 21.09.2020 को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मुफ्त शिक्षा देने को बढ़ावा देने के लिये की गयी थी। इसे शिक्षी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित शिक्षा बोर्डो की सूची में क्रमांक 44 पर रखा गया है तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधांन एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा (NCERT) द्वारा क्रमांक 30 पर सूचीबद्ध किया गया है" (संलग्नक–4) |
| निर्णय:– | उक्त मद को सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान प्रदान की गई। |
| मद संख्या–6 | छात्रों के महाविद्यालय स्थानान्तरण सम्बन्धी नियमावली (वर्षिक एवं सैमेस्टर प्रणाली) के अनुसार तैयार करने हेतु गठित समिति की आख्या के अनुमोदन पर विचार। (संलग्नक–5) |
| निर्णय:– | समिति द्वारा स्थानान्तरण सम्बन्धी नियमावली (वर्षिक एवं सैमेस्टर प्रणाली) को आंशिक संशोधनों के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया। |

अन्त में उप कुलसचिव द्वारा धन्यवाद के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

कुलसचिव

कुलपति



AnyScanner

# डॉ• भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
( पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

## शैक्षिक कैलैण्डर 2026–27

| क्रम सं0 | शैक्षणिक सत्र 2026–27 का प्रवेश/परीक्षा/शिक्षण कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| प्रथम सेमेस्टर (Odd Semester) | | |
| 1 | सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि | 31–07–2026 |
| 2 | प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम (One week Student Induction Programme-SIP as per UGC guidelines before/after classes, Session will decide as per time table of HEI) | 01–08–2026 से 04–08–2026 (before and after classes) |
| 3 | सेमेस्टर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शिक्षण कार्य प्रारम्भ | 01–08–2026 |
| 4 | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि (15 सप्ताह/90 दिवस) | 10–11–2026 |
| 5 | सेमेस्टर की प्रायोगात्मक परीक्षाएं पूर्ण होने की तिथि* | 20–11–2026 |
| 6 | सेमेस्टर की परीक्षायें (30 दिन) Exam Window-1 | 21–11–2026 से 20–12–2026 |
| 7 | शीतावकाश (15 दिन) | 21–12–2026 से 04–01–2027 |
| 8 | सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की अन्तिम तिथि | 06–01–2027 |
| तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर (Odd Semester) | | |
| 9 | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | 21–07–2026 |
| 10 | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि (15 सप्ताह/90 दिवस) | 31–10–2026 |
| 11 | सेमेस्टर की प्रायोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि* | 20–11–2026 |
| 12 | सेमेस्टर की परीक्षायें (30 दिन) Exam Window-1 | 21–11–2026 से 20–12–2026 |
| 13 | सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की अन्तिम तिथि | 10–01–2027 |



AnyScanner

| द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम् एवं अष्टम् सेमेस्टर (Even Semester) | | |
|---|---|---|
| 14 | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | 05–01–2027 |
| 15 | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि (15 सप्ताह/90 दिवस) | 10–04–2027 |
| 16 | सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि* | 19–04–2027 |
| 17 | सेमेस्टर की परीक्षायें (30 दिन) Exam Window-2 | 20–04–2027 से 20–05–2027 |
| 18 | सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की अन्तिम तिथि | 15–06–2027 |
| 19 | ग्रीष्मावकाश (30 दिन) | 01–06–2027 से 30–06–2027 |

* नोटः– सैद्धान्तिक परीक्षा के साथ–साथ प्रयोगात्मक परीक्षा परीक्षकों का पैनल प्राप्त होते ही यथा समयानुसार महाविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराकर पोर्टल पर अंक अपलोड किये जायेगें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. परीक्षा नियंत्रक।
2. प्रभारी, कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. अधीक्षक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. अभिलेख खण्ड।

कुलसचिव



AnyScanner

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

## प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 25.04.2026 द्वारा अनुमोदित प्रवेश नियमावली सत्र 2026–27

यह नियम विश्वविद्यालय अधिनियम परिनियम तथा अध्यादेशों के अधीन ही मान्य होगें तथा आवासीय संस्थानों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, गृह विज्ञान, प्रबन्धन, लाइफ साईसेज, इंजीनियरिंग, विधि संकायों, शिक्षा एवं ललितकला की कक्षाओं में प्रवेश के लिए लागू होगें। प्रवेश उन्हीं पाठ्यकमों/विषयों में दिया जायेगा जिसकी सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त है और उनका प्राविधान विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में विद्यमान तथा विश्वविद्यालय से प्रवेश की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है।

### आवश्यक निर्देश

1. व्यवसायिक पाठ्यकमों यथा बीएससी (एग्रीकल्चर), एमएससी(एग्रीकल्चर), एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम, एमएड, बीपीएड, एमएसडब्लू एवं इसके अतिरिक्त जिन पाठ्यकमों में आवेदन सीटों से दोगुने अधिक प्राप्त होगें, वहाँ पर प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भी किये जा सकते है।

2. (अ)

(i) बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए, एमकॉम एवं एमएससी में प्रवेश महाविद्यालय अपने स्तर से लेगा। परन्तु सभी प्रवेश विश्वविद्यालय के **Samarth Admission Portal** के माध्यम से ही किये जायेंगे **एवं स्नातक स्तर के पाठ्यकमों में प्रवेश Four Year Under Graduate Programme (FYUGP) के अनुरूप होगें। (जिसका अध्यादेश संलग्न है। संलग्नक–1)** तथा बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं अन्य एकल विषय वाले पाठ्यकमों में भी प्रवेश हेतु यही प्रकिया लागू की जा सकती है।

(ii) प्रारम्भ में विद्यार्थी का प्रवेश तीन वर्ष की स्नातक डिग्री हेतु होगा। चौथे वर्ष में विद्यार्थी चार वर्ष की स्नातक (मानद), स्नातक (मानद शोध सहित) एवं स्नातक (एप्रेन्टिसशिप एम्बेडिड) डिग्री में से किसी एक का चयन कर सकते है।

(iii) विद्यार्थी को प्रवेश के समय बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0कॉम0 आदि में से किसी एक पाठ्यकम/कार्यकम का चयन करना होगा और उसे उस पाठ्यकम के दो मुख्य (मेजर) विषयों का चयन करना होगा। इसी पाठ्यकम में विद्यार्थी को डिग्री मिलेगी। पाठ्यकम के चयनित विषयों का अध्ययन वह तीन/चार वर्ष (प्रथम से छठे/अष्टम सेमेस्टर) तक कर सकता है।

(iv) स्नातक/परास्नातक स्तर पाठ्यकमों में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों की योग्यता गणना एवं शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन सम्बन्धित आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

(v) सत्र 2026–27 से बी0ए0एल0एल0बी0, एल0एल0बी0, एल0एल0एम0 तथा बी0एड0 पाठ्यकमों में प्रवेश सेमेस्टर प्रणाली में होगा।

(ब) समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रकिया को विद्यार्थियों को सही ढंग से समझाने एवं विद्यार्थियों की सहायता हेतु महाविद्यालय स्तर पर एक समर्थ सैल की स्थापना अनिवार्य रूप से की जायेगी, जिसमें एक नोडल अधिकारी नामित होगा। जो कि तकनीकी रूप से दक्ष हो, जिसकी सूचना विश्वविद्यालय समर्थ नोडल अधिकारी व कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।



AnyScanner

(स) महाविद्यालयों में परीक्षा व प्रवेश प्रकिया सुचारू रूप से संचालित हो एवं विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर ही हो, इस आशय से प्रत्येक महाविद्यालय में प्रवेश एवं परीक्षा संचालन समिति का गठन किया जाय एवं इसकी सूचना कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत किया जाय।

(द) प्रवेश प्रकिया में समर्थ रजिस्ट्रेशन के समय प्रत्येक विद्यार्थी का S.R.N. नम्बर तथा APPAR आई0डी0 होना आवश्यक है।

3. ऐसे पाठ्यकम जिनकी अनापत्ति/सम्बद्धता विभिन्न Regulatory Bodies द्वारा जारी की जाती है, उनमें प्रवेश उनकी गाइडलाइंस के अनुसार किया जायेगा।

4. (i) अभ्यर्थी केवल एक बार ही समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करेगा एवं शुल्क भी एक बार ही जमा होगा। उसी रजिस्ट्रेशन से अभ्यर्थी एक या एक से अधिक **Programme** का चयन कर सकता है। प्रत्येक प्रोग्राम को चयन करने पर उसको प्रोग्राम का **SRN (Samarth Registration Number)** प्राप्त होगा। **Samarth Registration Number** शुल्क स्नातक स्तर के एवं अन्य पाठ्यकमों (जिनकी अर्हता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण है) हेतु रु0 400/– तथा परास्नातक एवं अन्य पाठ्यकम (स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त किये जाने वाले पाठ्यकम जैसे– एल–एल0बी0, बी0पी0एड0, बी0एड0, एम0एड0, एल0एल0एम0, आदि) के लिए रु0 500/– होगा।

(ii) छात्र द्वारा महाविद्यालय में Reporting के समय सभी Documents की स्वं–प्रमाणित प्रतियाँ मूल प्रति से सत्यापित लेकर महाविद्यालय में जमा करनी होगी।

(iii) सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश **Samarth Admission Portal (समर्थ प्रवेश पोर्टल)** के माध्यम से किये जायेंगे, इस सरल प्रणाली के अर्न्तगत अभ्यर्थी सात चरणों कमशः
**(1) समर्थ रजिस्ट्रेशन नंबर (2) समर्थ आई0डी0 से लॉगिन (3) प्रोफाइल (4) अन्य विवरण/निजी जानकारी (5) फोटो व हस्ताक्षर (6) पाठ्यकम/महाविद्यालय/संस्थान व विषय का चयन/भुगतान करना/फार्म प्रिंट** Online माध्यम से पूर्ण करके सातवें चरण में जिस आवासीय संस्थान/महाविद्यालय को चुनना चाहता है, वह वहाँ प्रवेश के लिए रिपोर्ट करेगा। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी अर्हतानुसार कितने भी पाठ्यकमों का चयन कर सकता है। छात्र आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश प्रकिया के लिए स्वतंत्र हैं, **जिसके लिए उसे केवल एक बार ही समर्थ रजिस्ट्रेशन नंबर कराना अनिवार्य है।** संस्थान/महाविद्यालय केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दे सकेगें जो Samarth Admission Portal की निर्धारित प्रकिया को पूर्ण करेगें। इस सम्बन्ध में आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालयों को जारी दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है।

5. आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रकिया पूर्व की भाँति योग्यता सूची के अनुसार पूर्ण की जायेगी। यथा अभ्यर्थी की रिर्पोटिंग **OTP** द्वारा **Admit** प्रकिया को पूर्ण किया जायेगा। इस प्रकिया को पूर्ण करने के बाद प्रत्येक आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय **Samarth** की **Admin Login Id** पर जाकर अभ्यर्थी की सीट **Confirm** भी करेगें।

6. आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय को प्रवेश प्रकिया के Steps अलग से प्रदान किये जायेगें। (संलग्नक–2)

## सामान्य निर्देश

1. (अ) (i) प्रत्येक महाविद्यालय अपनी Online/Offline विवरण पुस्तिका **"Prospectus"** तैयार करायेगा, जिसमें निर्धारित शुल्कों तथा महाविद्यालय सम्बन्धी आवश्यक सूचनाओं का विवरण होगा। सभी कक्षाओं के लिए एक ही विवरण पुस्तिका होगी। सभी पाठ्यकम इस पुस्तिका में सम्मिलित किये जायेगें। विवरण पुस्तिका का अधिकतम मूल्य रु0 400/– होगा।



AnyScanner

(ii) महाविद्यालयों द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 10/– के स्थान पर रू0 25/– लिये जाने की संस्तुति की गयी।

(ब) विवरण पुस्तिका में सत्र 2026–2027 के लिए प्रत्येक कक्षा में निर्धारित सामान्य व आरक्षित सीटों का विवरण प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में शासनादेश के अनुसार 21 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जातियों, 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों, 27 प्रतिशत स्थान पिछड़ी जातियों, तथा 3 प्रतिशत स्थान दिव्यांगजन के लिए (छात्र के स्वंय से सम्बन्धित वर्ग (कैटेगरी) तथा–श्रवण बाधित, चलन बाधित एवं दृष्टिबाधित के अंतर्गत ही) तथा EWS हेतु स्वीकृति सीटों के सापेक्ष अतिरिक्त रूप से 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी। दिव्यांगजन के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा। महिला अभ्यर्थियों के लिये प्रत्येक वर्ग में 20 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेंगें। यदि कश्मीरी छात्रा है तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।

(स) प्रत्येक महाविद्यालय को अपने महाविद्यालय की वेबसाइट तैयार करना अनिवार्य होगा जिस पर इच्छुक अभ्यर्थियों को विवरण पुस्तिका उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। विवरण पुस्तिका में विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा महाविद्यालय की वेबसाइट का उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रत्येक महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि वह एक कम्प्यूटर आपरेटर को इस कार्य के लिए अधिकृत करें तथा उसका नाम एवं मोबाइल नम्बर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में इण्टरनेट एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था आवश्यक है तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में एक एडमिशन हैल्प सेंटर होगा। जहाँ से बच्चे को प्रोग्राम, पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी तथा फॉर्म भरने में भी उनकी मदद की जायेगी।

(द) यदि कोई विद्यार्थी किसी महाविद्यालय में प्रथम वरीयता में प्रवेश पा जाता है, प्रवेशोपरांत यदि किसी दूसरे महाविद्यालय में प्रवेश पा जाता है और उस महाविद्यालय में प्रवेश लेने का इच्छुक है, तो ऐसी स्थिति में छात्र के द्वारा पूर्व में लिये गये प्रवेश को प्रार्थना पत्र देकर 15 दिवस में रदद् कराना होगा तथा महाविद्यालय द्वारा उसे केवल 90 प्रतिशत शुल्क ही वापिस कियां जायेगा। यदि कोई विद्यार्थी 01 माह के अंतराल में किसी महाविद्यालय से अपना प्रवेश रदद् कराता है तो उसे केवल 75 प्रतिशत शुल्क महाविद्यालय द्वारा वापिस किया जायेगा।

2. (अ) सत्र 2026–27 के लिए सभी संकायों में प्रथमं वर्ष/सैमिस्टर में ही प्रवेश दिये जायेगें तथा रु0 300/– नामांकन शुल्क व रू0 300/– उपाधि शुल्क भी छात्र द्वारा देय होगा। इसके अतिरिक्त प्रवेश के समय रू0 50/– सांस्कृतिक शुल्क, रू0 100/– कीड़ा शुल्क व रू0 100/–Incubation सुविधा/ICT सुविधा शुल्क भी प्रथम वर्ष में छात्र द्वारा देय होगा। जो कि विश्वविद्यालय को महाविद्यालय द्वारा दिया जायेगा। उसी अनुपात में महाविद्यालय अपने उपयोग हेतु इन शुल्कों को प्रवेश शुल्क के साथ लेगें। नामांकन शुल्क एवं उपाधि शुल्क को छोड़कर अन्य शुल्क महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष लिये जायेगें।

(ब) एलएलएम पाठ्यकम में प्रवेश हेतु विधि स्नातक सामान्य श्रेणी एवम् अन्य पिछडा वर्ग के छात्रों द्वारा 55 प्रतिशत अंकों एवम् अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों द्वारा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

नोटः–सांस्कृतिक शुल्क, कीड़ा शुल्क तथा Incubation सुविधा/ICT सुविधा शुल्क प्रतिवर्ष देय होगा। महाविद्यालय में Incubation सुविधा/ICT सुविधा शुल्क का एकाउंट प्राचार्य द्वारा संचालित किया जाना समीचीन होगा।

